लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी, 04:20 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 135, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, शनिवार, 1 अप्रैल 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO :05 MIDDLE

प्राइजमनी क्रिकेट: एसआरएमएस और मस्टेलियंस ने जीते मुकाबले

मैच के दौरान टॉस करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● एसआरएमएस ने ओएसिस एकेडमी और मस्टेलियंस ने अल्मा मातेर की टीम को हराया

अमृत विचार : श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन शुक्रवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ओएसिस टाउन क्रिकेट एकेडमी और आर्मी मस्टेलियंस और अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेले गए। जिसमें एसआरएमएस ने ओएसिस को चार विकेट से और आर्मी मस्टेलियंस ने अल्मा मातेर को 144 रन के बड़े अंतर से हराया।

पहला मैच एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ओएसिस टाउन क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। जिसमें पहले खेलते हुए ओएसिस की टीम 18.4 ओवर में 93 रन बना कर पैवेलियन वापस लौट गई। 94 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस के बल्लेबाजों ने तेजी से खेलते हुए 16.1 ओवर में अपनी टीम को जीत दिलाई। एसआरएमएस की ओर से कप्तान आनंद यादव ने 14 गेंदों पर 27 रनों की आतिशी पारी खेली। एसआरएमएस के शुभम मिश्रा को मैन आफ द मैच चुना गया।

टूर्नामेंट का दूसरा मैच आर्मी मस्टेलियंस और अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। आर्मी मस्टेलियंस ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 194 रन का लक्ष्य दिया। उतरी अल्मा मातेर की टीम ने 13.5 ओवर में 50 रन बना कर पैवेलियन वापस लौट गई। 14 रन देकर तीन विकेट लेने वाले आर्मी मस्टेलियंस के शिवांश शर्मा को मैन आफ द मैच चुना गया।